# समाचार

# घर–घर पहुंचकर समस्याओं की जानकारी लेंगे अधिकारी कर्मचारी, आमजन से लेंगे आवेदन, होगा निराकरण

**(कलेक्टर के निर्देश पर जिले के नगरीय क्षेत्रों में भी आयोजित होंगे '' सरकार–तुहर द्वार '' शिविर)**

**(आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों की बैठक लेकर शिविरों के आयोजन, आमजन से आवेदन लेकर उनके निराकरण सहित समूची कार्यप्रकिया पर अधिकारियों का किया मार्गदर्शन)**

**(शासकीय योजनाओं की कार्यप्रगति, जनसमस्याओं से जुड़े प्रकरणों व निगम के विकास एवं निर्माण कार्यो की की विस्तार से समीक्षा)**




कोरबा 29 अप्रैल 2022 – कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय क्षेत्रों में ''सरकार–तुहर द्वार'' जनशिकायत निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, शिविर से पूर्व अधिकारी कर्मचारी लोगों के घर–घर पहुंचकर उनकी समस्याओं की जानकारी लेंगे, आवेदन पत्र प्राप्त करेंगे तथा समस्याओं का निराकरण कराएंगे। इसके साथ ही शिविरों के निर्धारित तिथियों से पूर्व आमजन अपने आवेदन निगम के संबंधित जोन कार्यालयों में पहुंचकर भी जमा करा सकेंगे, जिनका समयसीमा पर समुचित निराकरण किया जाएगा।

आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली तथा '' सरकार–तुहर द्वार '' जनशिकायत निवारण शिविर के आयोजन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्देशित करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में निर्धारित तिथियों व स्थलों में '' सरकार–तुहर द्वार '' शिविरों का आयोजन किया जाना हैं, इसके अतिरिक्त जिले के अन्य नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों को पूरी गंभीरता के साथ ले। उन्होने कहा कि निर्धारित तिथियों में शिविर आयोजन से पूर्व अधिकारी कर्मचारी डोर–टू–डोर पहुंचकर आमजन से उनकी समस्याओं की जानकारी लेंगे, आवेदन प्राप्त करेंगे तथा विभिन्न विभागों से आपसी समन्वय बनाकर शिविर से पूर्व समस्याओं का निराकरण कराएंगे। उन्होने कहा कि प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे गुरूवार को निगम क्षेत्र में '' सरकार–तुहर द्वार '' शिविर का आयोजन होगा, जिस हेतु अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौपे गए हैं, सभी अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें, शिविर का वास्तविक लाभ आमजन को मिले, यह सुनिश्चित कराएं।

उन्होने कहा कि शिविरों के आयोजन के पूर्व मुनादी एवं वालराईटिंग के माध्यम से शिविरों का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करें।

**शासन की योजनाओं का पूर्ण लाभ लोगों तक पहुंचाएं**— आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने बैठक के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की कार्यप्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करें तथा शासन की मंशा अनुसार योजनाओं का पूर्ण लाभ लोगों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित कराएं। उन्होने छत्तीसगढ़ गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान श्री धन्वंतरी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विभिन्न पेंशन योजनाएं, अमृत मिशन सहित अन्य विभिन्न योजनाओं की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की तथा योजनाओं के बेहतर व प्रभावी रूप से संचालन करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति करने के निर्देश दिए।

**प्रकरणों का निराकरण समयसीमा में हो** — आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने बैठक के दौरान टी.एल.प्रकरणों, जनशिकायतों, जनचौपाल, पी.जी.एन.प्रकरणों सहित विभिन्न नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो संबंधी प्रकरणों के निराकरण की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन मामलों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण निर्धारित समयसीमा के अंदर एवं सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करें।

**विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा**— आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, सांसद मंद, विधायक मद, प्रभारी मंत्री मद, सी.एस.आर.मद, महापौर मद, पार्षद, एल्डरमेन मद, निगम मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रस्तावित प्रगतिरत व पूर्ण कार्यो की जोनवार समीक्षा की तथा कार्यो में आवश्यक गति लाने, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने व समयसीमा के अंदर कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने शासकीय व निजी भवनों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए जाने की कार्यप्रगति की भी समीक्षा की तथा वर्षा ऋतु से पूर्व इसे पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**शिविर हेतु निर्धारित तिथियॉ**— आयुक्त श्री पाण्डेय ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती रानू साहू द्वारा जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में आयोजित होने जा रहे '' सरकार—तुहर द्वार '' शिविरों के आयोजन हेतु तिथियॉ निर्धारित कर दी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार 11 मई को कोरबा व टी.पी.नगर जोन हेतु शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी साडा स्कूल परिसर टी.पी.नगर कोरबा में शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार 25 मई को कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल एवं बालको जोन हेतु विद्युतगृह हायर सेकेण्डरी स्कूल क्र—1 सी.एस.ई.बी.कोरबा में शिविर लगेगा। 08 जून को दर्री जोन हेतु शासकीय हाई स्कूल परिसर दर्री में शिविर लगाया जाएगा, वहीं 22 जून को सर्वमंगला नगर व बांकीमोंगरा जोन हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर घुड़देवा में शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद दीपका में 13 जुलाई को सांस्कृतिक भवन बस स्टैण्ड दीपका में शिविर लगेगा, वहीं नगर पालिका परिषद कटघोरा में 27 जुलाई को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा शिविर लगाया जाएगा। 10 अगस्त को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला छुरी में एवं 24 अगस्त को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर पाली में शिविर आयोजित होगा।

समीक्षा बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अधीक्षण अभिंयता एम.के.वर्मा एवं मनोज सिंह ठाकुर, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, एन.के.नाथ, उपायुक्त पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, अनिरूद्ध सिंह, राजबहादुर सिंह, अशोक बनाफर, के.एस. क्षत्री, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा, डी.सी.सोनकर, योगेश राठौर, राकेश मसीह, लीलाधर पटेल, राहूल मिश्रा, विवेक रिछारिया, एच.आर.बघेल, एम.एल.बरेठ, सुनील टांडे, आकाश अग्रवाल, विनोद नेताम, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।